अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# 'जब मेरे गांव तक नहीं आई, क्या बताएं किधर गई गंगा'

## मोहल्ले या गांव में नहीं है निजी स्कूल तो आरटीई से वंचित होंगे, शासनादेश में खामी के चलते नहीं मिलेगा सभी जरूरतमंदों को लाभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** 'पर्वतों से उतर गई गंगा, कुछ लटों में ठहर गई गंगा, जब मेरे गांव तक नहीं आई, क्या बताएं किधर गई गंगा' साहित्य भूषण से सम्मानित मशहूर शायर जमुना उपाध्याय का यह शेर बेसिक शिक्षा विभाग की आरटीई गाइड लाइन पर सटीक बैठता है। यूं तो सरकार और अधिकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर देने का फरमान जारी करते हैं लेकिन शासनादेश में खामी के चलते सभी जरूरतमंद बच्चों को निजी स्कूल में फ्री पढ़ाई का लाभ नहीं मिलेगा।



आरटीई की हकीकत बताता विभागीय पोर्टल पर नीले घेरे में दिखती सूचना।

दरअसल, अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने 08 जनवरी को निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 का शासनादेश जारी किया है। इसके तहत 02 फरवरी से पहले चरण में निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। हालांकि तकनीकी समस्या के चलते पहले दिन ऑनलाइन आवेदन नहीं हो सके थे। शासनादेश में 07 नंबर पर आवेदन की प्रक्रिया लिखी है। इसी में पहली शर्त में कहा गया है कि आरटीई आवेदन में अभिभावक अपनी ग्राम पंचायत/ वार्ड का चयन करेगा। उसी आधार पर आसपास स्थित अधिकतम 10 विद्यालयों का वरीयता क्रम से चयन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली, 2011 यथा संशोधित के तहत आसपास का तात्पर्य ग्राम पंचायत अथवा नगर पंचायत या नगर पालिका के वार्ड को इकाई समझा जाएगा। अर्थात जिस ग्राम पंचायत, वार्ड में निजी विद्यालय होगा उसी ग्राम पंचायत या वार्ड के निवासियों के पात्र बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। शासनादेश से स्पष्ट है कि अगर उस मोहल्ले या ग्राम पंचायत में स्कूल नहीं है तो जरूरतमंद बच्चों के आवेदन नहीं हो सकेंगे या लाभ नहीं मिलेगा। ऐसे बच्चों के कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ने के स्वप्न टूट जाएंगे।

- तीनों चरण से छूटे ऐसे बच्चों को प्रवेश देने का नहीं आया कोई आदेश
- मोहल्ले या ग्राम पंचायत में स्कूल नहीं है तो जरूरतमंद बच्चों के आवेदन नहीं हो सकेंगे

### पहले दिन सीट फुल कैसे

**कन्नौज।** एक अभिभावक ने बताया कि 02 फरवरी से आरटीई के तहत आवेदन का समय शुरू हुआ है। पहले दिन वेबसाइट ने पूरी तरह से काम नहीं किया। दूसरे दिन जब आवेदन का प्रयास किया तो उसमें एलकेजी कक्षा के लिए ग्राम पंचायत या वार्ड में विद्यालय मैप न होने की सूचना आ गई। साथ ही उसमें लिखा है कि वहां सीट फुल हो गईं हैं। चर्चा है कि जब आवेदन का समय शुरू हुआ है तो सीट कैसे फुल हो गईं और ऐसी स्थिति में जब पहले दिन आवेदन ही नहीं हुए। इस तरह की तमाम खामियां हैं।

## 35.50 लाख से बनेगा बास्केटबॉल सिंथेटिक कोर्ट

**कन्नौज।** जिले के युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं देने और ऐतिहासिक विरासत को संजोने की दिशा में एक पहल और जुड़ने जा रही है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और सदर विधायक असीम अरुण की निधि से नगर स्थित रामलीला ग्राउंड में आधुनिक बास्केटबॉल सिंथेटिक कोर्ट का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही गांधी स्मृति का भी जीर्णोद्धार होगा।

इस पहल से युवाओं और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अभ्यास की सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्यों पर कुल 35.50 लाख रुपये की लागत आएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार बाइक फिसलने से दो घायल

**सौरिख।** तेज रफ्तार बाइक फिसलने से दो लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के कठिघरा गांव निवासी सुबोध कुमार पुत्र नाथूराम (55) और हरदेव पुत्र राम प्रकाश (17) बाइक से सोमवार को बाजार करने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक भारत भट्ठा के पास पहुंची तभी अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे दोनों लोग घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### भरत मौर्य बने प्रभारी तहसीलदार

**कन्नौज।** सदर तहसीलदार की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार भरत मौर्य को दी गई है। इसका आदेश भी जारी हो गया है। अब तक प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार तहसीलदार का काम देख रहे थे। एडीएम वित्त राजस्व देवेंद्र सिंह ने जारी किए आदेश में कहा है कि नायब तहसीलदार के साथ ही प्रभारी तहसीलदार का दायित्व निर्वहन भरत मौर्य करेंगे। हालांकि अर्पित कुमार सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 198 कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के कार्यों को करते रहेंगे। साथ ही ईआरओ का सहयोग भी करेंगे। विभिन्न विभागों के शेष प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षु आईएएस का संबद्धीकरण पूरा करने के लिए यह आदेश जारी हुआ है।

### तालाब में डूबने से हुई थी वृद्ध की मौत

**तिर्वा।** बीते दिवस कोतवाली क्षेत्र के बरछ्ज्जापुर गांव के पास एक तालाब से वृद्ध का शव मिलने के मामले में पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। सोमवार को तालाब में उतराते मिले वृद्ध के शव की पहचान रामरतन निवासी बिशनपुर इंदरगढ़ हाल निवास हरी पुरवा के रूप में हुई थी।

# मकान के अंदर सो रहे युवक की गोली मार कर हत्या

## पूछताछ के लिये पुत्र को उठाया, गोली पेट के हुई आरपार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गोली मार कर युवक की हत्या कर दी गई। शव मकान के अंदर पड़ा मिला। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने मौत की पुष्टि की। परिजन शव लेकर घर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतक के इकलौते बेटे को हिरासत में लिया है।


मृतक की फाइल फोटो

सदर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर पनवारा गांव निवासी नरेंद्र पाल (45) पुत्र खेतन पाल सोमवार की रात अपने मुख्य घर के अलावा गांव के बाहर बने दूसरे मकान में सोने गया था। मंगलवार की तड़के करीब 3 बजे वह घर के अंदर खून से लथपथ पड़ा मिला। परिजनों की चीखपुकार सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी लोग उठा कर जिला अस्पताल लाये। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गये। जानकारी पर ग्रामीणों की घर के बाहर भीड़ लग गई। मामले की जानकारी पाकर कुछ देर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने पहुंच कर साक्ष्य संकलित किये। पुलिस ने परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने मृतक के इकलौते बेटे सौरभ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बताया कि नरेंद्र का एक घर गांव बाहर भी बना है। जहां वह गाय-भैंस रखता था। रात में वह वहीं सोने गया था। सुबह होने पर हत्या की जानकारी मिली। पूछताछ में मृतक की पत्नी ने बताया कि रात में पति नरेंद्र के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। वह मेरा नाम ले रहे थे। इस पर वह बेटी के साथ मौके पर पहुंची तो देखा कि वह चारपाई पर खून से लथपथ पड़े थे। पेट में एक गहरा निशान था जिससे खून निकल रहा था। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया मृतक का एक बेटा व तीन बेटियां हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी। इकलौता बेटा सौरभ आटो चलाता है किसी कारण से पिता की उससे बोलचाल नहीं थी।

- जलालपुर पनवारा की घटना, दूसरे घर में सोने गया था

कुछ भी हो पुलिस मामले को हत्या व आत्महत्या दोनों मान कर जांच कर रही थी। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। हत्या की घटना को लेकर सीओ सिटी अभिषेक प्रताप अजेय, कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह व जलालपुर पनवारा चौकी प्रभारी को फोन लगा कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया पर कॉल रिसीव नहीं हुई।

# सुभाष अकादमी में छात्र छात्राओं को दी विदाई


विदाई समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित सुभाष अकादमी में कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं को 11वीं कक्षा के बच्चों ने भावुक विदाई दी।

सीनियर्स और उनके अभिभावकों का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन और नृत्य की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। भाषणों में छात्रों ने स्कूल के अच्छे-बुरे अनुभव साझा किए और जूनियर्स को मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह दी। अध्यापकों से मिलते समय कई छात्र भावुक हो रो पड़े। शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन आशी शर्मा और सिमरत कौर ने किया। निदेशक राजेश सक्सेना ने कहा कि बच्चे वर्षों तक यहां रहे, उनसे बच्चों-सा लगाव हो गया। उनके जाने का दुख है, पर खुशी इस बात की कि वे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी या राजनेता बनकर देश, विद्यालय, नगर और परिवार का नाम रोशन करेंगे।

कोऑर्डिनेटर धीरज यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सीईओ कार्तिकेय सक्सेना, प्रधानाचार्य प्रवीण यादव, उप-प्रधानाचार्य दिनेश कमल सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

- सीनियर्स और उनके अभिभावकों का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत


कार्यक्रम में मौजूद सम्मानित हुए विद्यार्थी, प्रधानाध्यापक, अध्यापक व अतिथि।

## वार्षिकोत्सव में दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान

**कन्नौज।** राजकीय हाईस्कूल मुरैयां बुजुर्ग में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। पिछले वर्ष कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में प्रथम आईं विकासिनी, द्वितीय अंकित, सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति में कक्षा 09 से सरिता व कक्षा 10 से उपेंद्र को पुरस्कार मिला। प्रधानाध्यापक अंजू यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुए शैक्षिक सत्र 2025- 26 के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रमाण पत्र भी दिए गए। मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रजत सिंह, प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय ककलापुर नीता शुक्ला और आत्मरक्षा प्रशिक्षक योगेंद्र शर्मा मंचासीन रहे। साथ ही बच्चों की हौसलाफजाई की। मंच संचालन व कार्यक्रम प्रभारी ज्योति पाठक रहीं। इस मौके पर पूर्णिमा देवी, रागिनी मिश्रा व कंचन यादव मौजूद रहीं।

# 3500 फार्म-6 लंबित, एसडीएम ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत वर्तमान में नए वोटर बनाने के साथ नोटिस निस्तारण की प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में सदर तहसील में करीब 3500 फार्म-6 निस्तारण के इंतजार में हैं जबकि सात बीएलओ की प्रविष्टि शून्य है। इस स्थिति पर ईआरओ/एसडीएम सदर वैशाली ने नाराजगी जताते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही लोगों से अपील की है कि नोटिस आने पर परेशान न हों।


वैशाली, उपजिलाधिकारी सदर।

- एसआईआर के तहत नोटिस निस्तारण में जुटे अफसर, सात बीएलओ की प्रविष्टि शून्य

उपजिलाधिकारी सदर ने बताया कि वर्तमान में फार्म-6 (नए मतदाता बनाने को), फार्म -7 (आपत्ति/वोट काटना) और फार्म-8 (बदलाव) का काम चल रहा है। इसके लिए सदर तहसील क्षेत्र में कुल 34 एईआरओ (अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) तथा इनके नीचे कुल 514 बीएलओ लगाए गए हैं। ज्यादातर बीएलओ ड्यूटी में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लगाई गई हैं। इनके द्वारा ही फार्म लेने का काम किया जा रहा है। जानकारी दी कि नोटिस को लेकर संबंधित वोटर परेशान हो रहे हैं कि उनका वोट कट जाएगा।

जबकि ऐसा नहीं है नोटिस के पीछे ही जरूरी कागज लिखे हैं जो साथ लाकर निस्तारण कराया जाना है। इसमें सबसे मुख्य जाति व मृत्यु प्रमाण पत्र हैं जो सहज ही बनवाए जा सकते हैं। यदि किसी को नोटिस मिलता है तो उसके पास अगर जरूरी दस्तावेज नहीं हैं तो उक्त दो कागज क्रमशः तहसील व नगर पालिका से बनवाकर प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने एईआरओ से भी कहा कि किसी को भी दबाव में न लें। प्रशासन का काम मदद करना है। यह भी बताया कि नगर क्षेत्र में ज्यादातर मामलों में नवविवाहिताओं के वोट नहीं बनने की बात प्रकाश में आ रही है।

ऐसे में जरूरी है घर के लोग जागरूक होकर उनके मायके पक्ष के व्यक्ति के नाम वाली 2003 की मतदाता सूची के अनुसार मैपिंग कराएं। इससे जेंडर रेश्यो में भी सुधार होगा। बताया कि सभी जिम्मेदारों को इस कार्य की ट्रेनिंग दी जा चुकी है लेकिन मतदाता को भी जागरूक होने की जरूरत है। यह भी कहा कि कहीं कहीं दिक्कत आ रही है जहां बीएलओ संबंधित एप पर काम नहीं कर पा रहीं हैं। इसका कारण अंग्रेजी का ज्ञान न होना है लेकिन इसमें उनकी मदद की जा रही है।

## 12 रुपये में घटा दिया यूरिया का 5 किलोग्राम वजन

**कन्नौज।** कुछ वर्षों में ही 50 किलोग्राम वाली यूरिया बोरी का वजन धीरे-धीरे घटकर 40 किग्रा. पर आ गया है। अबकी महज 12 रुपये प्रति बोरी दाम कम करने के बाद ही प्रति पैकेट 05 किलो यूरिया भी घटा दी गई है। जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता का कहना है कि यूरिया के नए रेट व वजन को लेकर गजट आ गया है। अब तक 45 किलोग्राम की बोरी आती थी, उसका सरकारी दाम 266 रुपये 50 पैसे था। अब 05 किलोग्राम वजन कम करने के बाद 40 किलो की बोरी मिलेगी। इसका दाम 254 रुपये निर्धारित किया गया है।

# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** श्रीमती रमाबाई राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, विशिष्ट अतिथि प्रभात दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या वंदना यादव तथा कॉलेज की प्रधानाचार्या सरोज यादव ने सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत करने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य एवं भावगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में कक्षा 10 में प्रथम स्थान लाने वाली सरस्वती, द्वितीय सुजाता, तृतीय प्रीति तथा कक्षा 12 में प्रथम नैना यादव, द्वितीय अंशिका और तृतीय कोमल सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में जनपद एवं मंडल स्तर पर स्थान प्राप्त मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि मनोज दुबे ने कहा, सभी छात्राएं देश के भविष्य की रीढ़ हैं। शिक्षा के माध्यम से न केवल अपना उज्ज्वल भविष्य बनाएं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। शिक्षित बेटी पूरे परिवार को रोशन करती है। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या वंदना यादव ने कहा, आज की लड़कियां कल की मजबूत महिलाएं बनेंगी। चुनौतियों से डरें नहीं, बल्कि उन्हें अवसर मानकर आगे बढ़ें। समाज में अपनी पहचान बनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन मनोरमा यादव ने किया। अंत में प्रधानाचार्या सरोज यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुसेपुर करन सौरिख के प्रधानाचार्य सत्यवान यादव, कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापक साधना यादव सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


छात्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते चेयरमैन मनोज दुबे अमृत विचार

- रमाबाई राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव

**खेल के मैदान से** — स्व.पं.ओमप्रकाश पाठक स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट, संजय 11 लखनऊ की टीम को 7 विकेट से हराया

# फाइनल में बनारस 11 की टीम ने फहराया परचम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बनारस 11 की टीम ने रोमांचक फाइनल मुकावले में संजय 11 लखनऊ की टीम को हराकर जीत का परचम लहराया। भाजपा नेताओं ने पुरस्कारों का वितरण किया। उप विजेता को 75000 रुपये व विजेता टीम को 1,51000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही ट्रॉफी भी प्रदान की गई।

शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में खेले जा रहे स्वर्गीय ओमप्रकाश पाठक स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। संजय 11 लखनऊ बनाम बनारस 11 के मध्य मैच का टॉस जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बनारस 11 के कप्तान विजय सोनकर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी संजय 11 लखनऊ की टीम 24.5 ओवर में 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। उनके बल्लेबाजों में कुशाग्र सिंह ने 34 रन, अभिषेक राय ने 27 रन, शैलेन्द्र सिंह ने 30 रन नाबाद व कृष्णा साहू ने 16 रन का योगदान दिया। बनारस 11 के गेंदबाजों में रौनक सिंह ने 3 विकेट, शाहिद ने 2 विकेट, संगम सिंह, बृजेश सोनकर व विकल्प ने एक-एक विकेट लेने में सफल रहे।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस 11 की टीम 18.1 ओवर में 136 रन 03 विकेट के नुकसान पर बनाकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। टीम के बल्लेबाजों में वात्सल्य यादव ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए सर्वाधिक 72 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में सत्यम ने 25 रन, रौनक सिंह ने 17 रन, सिद्धांत रघुवंशी ने 18 रन नाबाद बनाये। लखनऊ के गेंदबाजों में शैलेन्द्र ने 01 विकेट, ओमकार ने 01 विकेट, अतुल ने 01 विकेट लिया। इस मौके पर कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य संजय सामवेदी, अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, आनंद मिश्रा, ममतेश तिवारी, सजल सिंह, पारस दुबे, आकाश वर्मा, नीरज सामवेदी, हिंमाशु शुक्ला, जुबेर हाशमी, विकास तिवारी, समीर पाठक, आदि लोग मैदान पर मौजूद रहे।


फाइनल मैच की विजेता बनारस टीम शील्ड के साथ खुशी बनाते हुए। अमृत विचार

### कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी भी सम्मानित

**कन्नौज।** दो माह से से क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन करा रही एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी भाजपा नेताओं ने मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा मैदान की नियमित सफाई करने वाले तिर्वा नगर पंचायत के कर्मचारी, नियमित पानी का छिडकाव करने वाली नगर पालिका कन्नौज की टीम के अलावा रोलर चलाने वाले कर्मचारी भी सम्मानित हुए। बाद में पूर्व सांसद व भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सफल आयोजन के लिये कमेटी को धन्यवाद दिया।

डा. आनन्द प्रकाश सचान
HARI VEDA CANCER CLINIC
M.B.B.S., M.D.
भूतपूर्व चिकित्सक, बत्रा हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली
मुख्यमंत्री राहतकोश द्वारा 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की सुविधा
आयुष्मान, पंडित दीनदयाल कार्ड एवं समस्त टीपीए द्वारा मुफ्त इलाज
हरिवेदा कैंसर क्लीनिक
रामसनेही मेमोरियल हॉस्पिटल जी.टी. रोड, फतेहपुर
मिक्की हाउस के पास, किडजी स्कूल, के-ब्लॉक, किदवई नगर, कानपुर
dr/AnandPrakashSachan
dranandprakshsachan
dr.anandprakashsachan
9807546262
7376004444
E-mail: anandsachan1978@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### श्रृंगीरामपुर में महाशिवरात्रि मेला 8 फरवरी से

**फर्रुखाबाद।** प्राचीन तीर्थस्थल श्रृंगीरामपुर में महाशिवरात्रि मेला 8 फरवरी से शुरू होगा। इस पर्व के लिए कावड़ मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। यहाँ हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व रविवार 15 फरवरी को है।

तीर्थस्थल श्रृंगीरामपुर मेले में मध्य प्रदेश के भिंड, मुरैना सहित आसपास के कई जनपदों से श्रद्धालु गंगा जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। मेला क्षेत्र में दुकानें सजने लगी हैं, जिससे रौनक बढ़ गई है। गंगा किनारे स्थित श्रृंगीरामपुर ऋषि श्रृंगी की तपोभूमि के रूप में विख्यात है। महाशिवरात्रि और कावड़ मेले के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहता है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।

### बेटी की गुमशुदगी दर्ज करने के लिए दी तहरीर

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट के अंतर्गत अपने गंगानगर स्थित घर से लाल दरवाजे चप्पल जुड़वाने गई बेटी घर वापस नहीं आई। घर वालों ने काफी तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली तब परिजनों ने थाना कादरी गेट में कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में लापता बेटी वैष्णवी की मां संजू पत्नी पत्नी संजीव कुमार ने कहा वैष्णवी लाल दरवाजे पर चप्पल जुड़वाने की बात कहकर घर से गई थी लेकिन लौट कर वापस नहीं आयी। हम लोगों ने उसको बहुत तलाश किया लेकिन वह कहीं नहीं मिली ऐसे में उसकी गुमशुदी कि रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए खोज बीन शुरू कर दी है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया है। मंगलवार सुबह विकास खंड बढ़पुर क्षेत्र के हाथीपुर गांव के पास यहीं के निवासी 26 वर्षीय नन्दू पुत्र रामनाथ अपनी बाइक से फर्रुखाबाद जा रहा था। तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल नन्दू को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। नन्दू के सिर में गंभीर चोट आई है और उसका इलाज शुरू कर दिया गया है।

### मामूली विवाद में मारपीट, दो महिलाएं घायल

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगला चंदन गांव में मंगलवार सुबह उपले बचाने को लेकर हुए विवाद में दो महिलाएं घायल हो गईं। बिमला देवी और उनकी पुत्रबधू रोहिणी को लाठी-डंडों से पीटा गया। यह घटना मंगलवार सुबह की है। बिमला देवी पत्नी अवधेश सिंह अपने घर के पीछे खाली पड़ी जगह पर उपले पाथ रही थीं। उसी दौरान गांव की एक महिला अपने मवेशियों के साथ वहां आई। बिमला देवी ने महिला से अपने उपले बचाकर निकलने को कहा। इस बात पर महिला ने बिमला देवी को गालीगलौज करना शुरू कर दिया। जब बिमला देवी ने इसका विरोध किया, तो महिला और उसके परिजनों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। बिमला देवी को बचाने आईं उनकी पुत्रबधू रोहिणी को भी हमलावरों ने पीटा। इस मारपीट में बिमला देवी और रोहिणी दोनों घायल हो गईं। बिमला देवी ने थाना पुलिस को चार नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, काटे गए चालान

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा बाजार में मगलवार को पुलिस ने एक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चला रहे एक चालक का ऑनलाइन चालान किया गया। बिना हेलमेट और तीन सवारी लेकर चल रहे बाइक सवारों को भी चेतावनी दी गई और उनके चालान किए गए। पुलिस ने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक को रोका। नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैक्टर चालक का चालान किया गया।

# जिले में अवैध बायोडीजल पंपों को बंद कराने की मांग

## यूपी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



डीएम से शिकायत करते एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय द्विवेदी व भाजपा विधायक डीलर कैलाश सिंह राजपूत व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में अवैध रूप से संचालित बायोडीजल पंपों की शिकायत यूपी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम से की है। इनको बंद कराने की मांग की गई है।

मंगलवार को एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय द्विवेदी, भाजपा विधायक डीलर कैलाश राजपूत पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से मिले। इस दौरान ज्ञापन सौंपा। कहा कि एक जनवरी को एसोसिएशन की बैठक छिबरामऊ में हुई थी। इसमें मांग रखी थी कि जिले में कई बायोडीजल पंप अवैध रुप से चल रहे हैं। इनको बंद कराया जाये। इनकी जांच कराई जाये। उन्होंने बताया कि इस बायोडीजल से वाहनों के इंजन खराब हो रहे हैं। इसके अलावा भारत सरकार की

- बायोडीजल से वाहनों के इंजन खराब हो रहे हैं।
- तेल कंपनियों के पेट्रोल पंपों को भारी नुकसान हो रहा है

तेल कंपनियों के पेट्रोल पंपों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा कि इस तरह के पंप भाउलपुर सौरिख, इंद्रानगर तिर्वा, गुरसहायगंज, परौर सौरिख, ईजलपुर सौरिख, राजपुर सौरिख, लालपुर सकरावा, सिकंदरपुर सकरावा में संचालित है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## वीडियो वायरल कर धर्मांतरण का आरोप

**गुरसहायगंज।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ग्रामीणों ने क्लीनिक संचालक पर युवती का धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा और उसकी पिटाई कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के सराय प्रयाग स्थित क्लीनिक पर ग्रामीणों ने हंगामा काटा और संचालक पर युवतियों व महिलाओं का धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ग्रामीणों ने बताया कि क्लीनिक संचालक लंबे समय से स्थानीय व क्षेत्रीय महिलाओं को बुला कर उनका मानसिक परिवर्तन व गलत उपचार कर धर्मांतरण के लिए माइंडवास किया जा रहा है। हिंदू धर्म की महिलाएं मुस्लिम धर्म के वस्त्र पहन कर क्लीनिक पर आती है। मौके पर भी ग्रामीणों ने एक युवती को क्लीनिक पर पकड़ा और पूछताछ की। ग्रामीणों ने क्लीनिक संचालन पर कार्रवाई कराने व दुकान खाली कराने की मांग की। अमृत विचार वायरल वीडियो व लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं करता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसटीएफ की टीम ने टैंकर से पेट्रोल चोरी पकड़ी

संवाददाता मानीमऊ (कन्नौज)

- पेट्रोल चोरी करने के बाद उतनी ही मात्रा में एथेनॉल मिला देते थे
- मौके से चालक को टैंकर समेत हिरासत में लिया गया

**अमृत विचार।** मंगलवार देर शाम एसटीएफ की टीम ने टैंकर से पेट्रोल चोरी पकड़ी। मौके से चालक को टैंकर समेत हिरासत में लिया जबकि बाकी लोग फरार हो गए। ये चोर पेट्रोल चोरी कर उतनी ही मात्रा में इथेनॉल मिला देते थे। टैंकर कानपुर से लोड होकर अलीगढ़ जा रहा था।

मंगलवार देर शाम गुप्त सूचना पर पहुंचे एसटीएफ इंस्पेक्टर दिलीप तिवारी ने टीम के साथ मानीमऊ गांव के पास पंचायत घर के पीछे पेट्रोल से भरा एक टैंकर पकड़ा। मौके पर कुछ लोग टैंकर से पेट्रोल मशीन के जरिए चोरी कर रहे थे। एसटीएफ को आया देखकर कुछ लोग मौके से फरार हो गए जबकि टीम ने चालक को टैंकर समेत हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि लंबे समय से टैंकर से पेट्रोल चोरी का काम चल रहा था जिसके बदले में उसमें एथेनॉल मिला दिया जाता था। मौके से उन्होंने तीन ड्रम पेट्रोल से भरे जबकि इतने ही ड्रम खाली पिकअप पर लदे हुए बरामद किए हैं। तीन ड्रम पेट्रोल के बदले टैंकर में एथेनॉल मिलाया जा चुका था। जानकारी दी कि यह पेट्रोल चोर जितना पेट्रोल टैंकर से निकलते थे उतनी ही मात्रा में एथेनॉल मिला देते थे। चूंकि एथेनॉल सस्ता है और पेट्रोल महंगे दामों में बिकता है इसलिए यह कारनामा अंजाम दिया जा रहा था। यह भी बताया कि टीम ने पेट्रोल निकालने वाली मशीन भी बरामद की है। इन चोरों ने मानीमऊ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास नेशनल हाईवे पर एक जमीन किराए पर ले रखी थी जिसे चारों तरफ से बांस के टट्टर से घेर दिया था और चोरी का पेट्रोल यहीं रखा जा रहा था। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चौकी इंचार्ज करणवीर सिंह भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

## छात्र-छात्राओं को दी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता की जानकारी

**गुरसहायगंज।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत अभिभावकों सहित छात्र-छात्राओं को कुष्ठ रोग के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया। समाज में फैली कुष्ठ रोग की भ्रांतियों के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

मंगलवार को ब्लाक तालग्राम के ग्राम चंदपुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में पीएचसी तालग्राम के पीएमडब्लू सुजीत कुमार ने कुष्ठ रोग की गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों से कुष्ठ रोग के विषय में फैली भ्रांतियों के विषय में चर्चा की और उनके निवारण की जानकारी दी। वहीं आमजन से कुष्ठ रोग के प्रति छुआछूत व भेदभाव न करने की अपील की। बताया गया कि अपने आसपास कहीं कोई भी कुष्ठ रोग से पीड़ित है तो उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान आरबीएसके टीम के डॉ. प्रेमचंद सहित स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

## कानपुर सांसद के प्रयास से गंगापार को मिली रोडवेज बस

**फर्रुखाबाद।** कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने अपनी जन्मभूमि को रोडवेज बस सेवा का उपहार दिया है।

फर्रुखाबाद डिपो की एक बस प्रतिदिन शाम 7.30 बजे फर्रुखाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होगी। यह बस अमृतपुर, जरियनपुर कलां और बदायूं होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि अमृतपुर में स्थायी प्रतीक्षालय बनने तक बस प्रतिदिन रात आठ बजे बाबूजी फैमिली ढाबा पर खड़ी होगी। दिल्ली जाने वाले यात्री अमृतपुर में रात 8 बजे बाबूजी फैमिली ढाबा से बस ले सकेंगे। सोमवार रात ठीक आठ बजे अमृतपुर से पहली रोडवेज बस का शुभारंभ किया गया। लंबे समय से लोग इस देर रात बस सेवा की मांग कर रहे थे।



सोमवार रात्रि रोडवेज बस को हर झंडी दिखाते मनोज अवस्थी। अमृत विचार

# तिर्वा में 20 दिन से बत्ती गुल होने से ग्रामीणों में आक्रोश, किया प्रदर्शन

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** उमर्दा क्षेत्र के बढ़नपुर बीरहार गांव में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने से बीते 20 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। इसके चलते करीब 500 लोगों की आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर है। बिजली न होने से ग्रामीणों को पेयजल, घरेलू कार्यों और बच्चों की पढ़ाई में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में ध्रुव चंद्र, पन्नालाल, चंचल, रामप्रकाश, विक्रम, गोविंद, मुकेश, प्रदीप, ओमजी समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की।इस संबंध में अवर अभियंता राकेश यादव ने बताया कि मामले की शिकायत दर्ज कर ली गई है और बुधवार तक नया ट्रांसफार्मर रखवाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



प्रदर्शन करते बिजली न आने से परेशान ग्रामीण।

### खाना बनाते समय गैस रिसाव से लगी आग

**कन्नौज।** छिबरामऊ के ग्राम रतनपुर में खाना बनाते समय गैस रिसाव से एक घर में भीषण आग लग गई। घटना में घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गृहस्वामी रामकिशन बाथम के अनुसार घर में खाना बन रहा था। इसी समय किसी तरह सिलेंडर का पाइप निकल गया जिससे रसोई में आग लग गई। कुछ ही पल में पूरा घर आग से घिर गया। आग से कीमती जेवरात, नकदी, कपड़े और अन्य आवश्यक घरेलू वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं।

# हसेरन ब्लॉक प्रमुख पति का जुआ खेलते वीडियो वायरल

संवाददाता तिर्वा

- वायरल वीडियो दीपावली की परवा का बताया जा रहा है
- भारतीय जनता पार्टी के हैं नेता उपमुख्यमंत्री के करीबी

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में हसेरन ब्लॉक प्रमुख के पति भाजपा नेता पुष्पेंद्र शाक्य जुआ खेलते दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो दीपावली की परवा का बताया जा रहा है। अमृत विचार वायरल वीडियों की पुष्टि नहीं करता है।

ब्लाक प्रमुख पति के वायरल हो रहे जुआ खेलने के वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। बताया जाता है कि ब्लाक प्रमुख पति पुष्पेंद्र शाक्य को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के करीबी नेताओं में गिना जाता है। जुआ खेलने के मामले को राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील माना जा रहा है। वीडियो वायरल होने की जानकारी प्रशासन तक पहुंच चुकी है, हालांकि इस संबंध में किसी प्रकार की आधिकारिक जांच या कार्रवाई की पुष्टि नहीं हुई है।

वहीं अब तक संबंधित पक्ष या भाजपा संगठन की ओर से भी कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है। खास बात तो यह है कि कुछ भाजपा कार्यकर्ता भी ब्लाक प्रमुख पति से जुआ खेलने की बात पूछ कर मजाक करते बोर्डिंग मैदान में दिखे। उस समय. उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो दीपावली की परवा का है। वह जुआ नहीं खेलते पर कुछ दोस्तों की वजह से चंद मिनट के लिये बैठे गये थे।

# शैलेन्द्र प्रताप सिंह के डीआईजी बनने पर गृहजनपद में खुशी की लहर

संवाददाता फर्रुखाबाद



जेएस इंटर कॉलेज में मिठाई बांटते प्रदीप यादव टीटू व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के वरिष्ठ अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर पदोन्नत किया गया है। जिससे उनके गृहजनपद फर्रुखाबाद में खुशी की लहर है। संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर हुई यह पदोन्नति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतिफल मानी जा रही है। वर्ष 2004 बैच के अधिकारी के रूप में उन्होंने अपने सेवाकाल में सीआईएसएफ के तहत देश के विभिन्न राज्यों और संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

उन्होने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में भी अपनी सेवाएं दी हैं। इसके अतिरिक्त, कश्मीर के बारामूला क्षेत्र में स्थित किशनगंगा जल विद्युत परियोजना के लिए सीआईएसएफ इकाई की स्थापना में उनकी अहम भूमिका रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के अंतर्गत हैती में कंटीजेंट कमांडर के रूप में उन्होंने कार्य किया। उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2022 में उन्हें राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

वर्तमान में, शैलेन्द्र प्रताप सिंह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की विशेष सुरक्षा समूह इकाई, ग्रेटर नोएडा में उप महानिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। यहां वह देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था का पर्यवेक्षण कर रहे हैं। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## महिला छत से गिरी, हालत गंभीर

**कायमगंज।** अलीगंज के मोहल्ला पड़ाव निवासी 43 वर्षीय सरोजना पत्नी हरीराम कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव शिवरई बरियार निवासी अपनी बहन लाड़ली के घर आई हुई थी।

बताया गया कि उसकी मां भागवती की तबीयत खराब थी, उसे देखने आई थी। आज मंगलवार को धूप में कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई थी। बताया गया कि हाई टेंशन लाइन के तार उसकी मां के घर के ऊपर से ही निकले हुए हैं, जिसकी चपेट में वह आ गई।तेज झटका लगने से वह छत से नीचे गिर गई।जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख पुकार मचने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया।जहां से प्राथमिक उपचार देकर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अमरेश कुमार ने बताया कि महिला को प्राथमिक उपचार दिया गया है।

# मफलर से फांसी लगाकर युवक ने दे दी जान

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जहानगंज थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां नगला तरा गांव निवासी सिकंदर पुत्र अशोक कुमार ने आम के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।



सिकंदर।

परिजनों के अनुसार सिकंदर सोमवार रात को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे खेतों में काम करने गए ग्रामीणों ने गांव से लगभग 500 मीटर दूर एक आम के पेड़ पर उसका शव मफलर के सहारे फंदे से लटका देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी।

सूचना मिलते ही मृतक के पिता अशोक कुमार, भाई मिथुन, बहन सुनहरी, इसेंद्र और मां मीरा देवी मौके पर पहुंचे। बेटे का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की।

मृतक के पिता अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि सिकंदर पढ़ा-लिखा युवक था। उसने बीएड की पढ़ाई पूरी कर ली थी और बीटीसी करने के बाद नौकरी की तैयारी कर रहा था। परिजनों के अनुसार सिकंदर की शादी को लेकर भी बातचीत चल रही थी और महज पांच दिन पहले ही वह परिवार के साथ लडक़ी देखने गया था। ऐसे में आत्महत्या का कारण परिजनों को समझ में नहीं आ रहा है।थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### युवक को लाठी से पीटकर घायल किया

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज के हुसैनपुर बांगर गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। पीड़ित भूपेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भूपेन्द्र सिंह गांव में स्थित अपनी समरसेवल पर बैठे थे, तभी गांव के ही निवासी रवी प्रताप अपने साथी के साथ वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर भूपेन्द्र सिंह को गालीगलौज करने लगे। जब भूपेन्द्र सिंह ने गालीगलौज का विरोध किया, तो रवी प्रताप और उसके साथियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में भूपेन्द्र सिंह चोटिल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**समन बगरज इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5, कायदा के व 5 मजमूआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)**
**सं0 मुकदमा T202407480301563**
**मुकाम कुलपहाड जिला महोबा**
बअदालत न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय (न्यायिक) कुलपहाड जिला महोबा
**मुद्दई स्वतंत्र सिंह**
पुत्र श्री महीपत सिंह निवासी ग्राम दुगारा परगना व तहसील टहरौली जिला झांसी उ0प्र0
**बनाम**
1. मइयादीन पुत्र हीरा, 2. मन्नू पुत्र हीरा, 3. ओमप्रकाश पुत्र छविलाल, 4. श्रीमती निर्मलादेवी उर्फ रामप्यारी पत्नी छविलाल, 5. श्रीमती रामकुँवर पत्नी राजेन्द्र उर्फ पप्पू, 6. श्रीमती कमलेश कुमारी पत्नी कृपाल, 7. मानवेन्द्र सिंह पुत्र महेश कुमार निवासी, 8. श्रीमती गनेशी अहिरवार पत्नी सत्येन्द्र निवासीगण ग्राम पनवाडी, पर0 तह0 कुलपहाड़ जिला महोबा, 9. जीतेन्द्र पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम छांछरी परगना व तहसील कुलपहाड़ जिला महोबा, 10. श्रीमती पुष्पादेवी पत्नी करनसिंह निवासी रायपुरा मजरा स्योढी तहसील कुलपहाड़ जिला महोबा, 11. रेखारानी पत्नी जीवनचन्द्र निवासी मलेहटा डाडा जिला हमीरपुर उ0प्र0, 12. गाँव सभा द्वारा प्रधान सभा पनवाडी परगना व तहसील कुलपहाड जिला महोबा। वाजेह हो कि बादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत् दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होला है कि आप तारीख 18 माह 02 सन् 2026 वक्त बमुकाम 10 बजे अदालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालतेकरार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूर अहम मुतलका मुकदमा का जबाब दे सके, हाजिरी और जबाब देही दावा कीजिए और हरगाह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजबीब हुयी है बस आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहों को जिनको शहादत पर नीचे जुमला दस्तावेज जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों उसी रोज पेश कीजिए। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूल और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 02 माह 02 सन् 2026 जारी किया गया।
दिनांक: 02.02.2026
आज्ञा से
उपजिलाधिकारी (न्यायिक)
कुलपहाड़, महोबा
मुहर अदालत

**मेला समापन की ओर** — संत और श्रद्धालु मां गंगा से सलामती की दुआ मांगकर अपने आश्रमों और घरों को लौट रहे हैं।

# वीरान होने लगी मेला श्रीराम नगरिया, घर लौटने लगे कल्पवासी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को माघी पूर्णिमा के बाद 3 जनवरी से आबाद हुई 'राम की नगरी' वीरान होने लगी है। धीरे-धीरे तम्बुओं का शहर बालू के मैदान में तब्दील होता जा रहा है। कल्पवासी अपना सामान समेटकर घरों को लौटने लगे हैं। हजारों की संख्या में कल्पवास के लिए पहुंचे संत और श्रद्धालु मां गंगा से सलामती की दुआ मांगकर अपने आश्रमों और घरों को लौट रहे हैं।



श्रीरामनगरिया में उखड़तीं राउटियां। अमृत विचार

संतों और श्रद्धालुओं के लिए एक माह तक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करता है। इस वर्ष मेला 3 जनवरी से 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा तक चला। माघी पूर्णिमा के बाद से ही कल्पवासियों का लौटना शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालु अपने सामान समेटकर गंगा पूजन के बाद अपने गंतव्यों के लिए रवाना हो चुके हैं। जहां कुछ दिन पहले तक धार्मिक अनुष्ठान और चहल-पहल थी, अब वहां दूर-दूर तक खाली स्थान नजर आ रहा है। शेष बचे कल्पवासी भी 5 फरवरी तक यहां से प्रस्थान कर जाएंगे।

### बीमा सखी शिविर का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद।** मेला श्रीरामनगरिया में लगाए गए जीवन बीमा निगम के शिविर का समापन बुधवार को हो गया।इस अवसर पर मेले में शिविर की उपलब्धियां पर चर्चा की गई इसके साथ ही आयोजन में मौजूद लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दीगई। एलआईसी के अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना बीमा सखी विशेष आकर्षण का केंद्र रही जिसके माध्यम से भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है व उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का रास्ता बतलाया गया है। मौके पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनीष कुमार प्रेमी, सी एल आई ए आर पी सिंह, सहायक शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार राय, ए टी सी भूपेंद्र प्रताप सिंह, विकास अधिकारी महेश्वर सिंह ,अमन जैन ,अनुज कुमार ,शिवम दीक्षित ,शुभम बघेल ,निखिल सिंह हरिकिशन आदि मौजूद रहे।



ग्राहक को जानकारी देते बीमा अधिकारी।

## शांति व सुरक्षा के लिए पुलिस ने की गश्त

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस बल द्वारा सोमवार देर रात्रि पैदल गश्त और फ्लैग मार्च किया। यह गश्त प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों और मुख्य मार्गों पर की गई।

इस पैदल गश्त के दौरान, पुलिस बल ने दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत की और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस ने लोगों से आपसी सौहार्द, भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील भी की। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, अराजकता या कानून विरोधी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### आदर्श प्राथमिक स्कूल अभिभावक गोष्ठी 6 को

**इकदिल ।** कस्बा के मोहल्ला कायस्थान में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन 6 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रात: 9 बजे से किया जाएगा । आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ .सुशील सम्राट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अभिभावक गोष्ठी में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा । उन्होंने समस्त अभिभावक बंधुओं से अभिभावक गोष्ठी में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है ।

### घर से बिना बताए निकली युवती लापता

**भरथना ।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 22 वर्षीय युवती बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने पर भी युवती का कुछ पता न चलने पर युवती की मां ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। क्षेत्र के गांव रौरा निवासी पीड़ित मां ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि मेरी 22 वर्षीय बेटी 2 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे बिना बताए कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### पुत्री ने पिता पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**भरथना ।** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले निवासी एक नाबालिग किशोरी ने अपने ही पिता पर छेड़खानी का मामला स्थानीय थाने में दर्ज कराया है। पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के एक मोहल्ले निवासी 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने अपने पिता पर आरोप लगाते हुए बताया है कि मेरे पिता ने सोमवार सुबह करीब सात बजे मेरे साथ छेड़खानी कर दी है। पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच पड़ताल की जा रही है।

### तीन बच्चों संग महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**भरथना ।** कस्बा के एक मोहल्ले से एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद जब चारों का कुछ पता नहीं चल सका तब पति ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। मोहल्ला अंबेडकरनगर निवासी दीपू ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया है कि मैं गेस्ट हाउस में काम करता हूं सोमवार को भी गेस्ट हाउस में काम करने के लिए गई हुआ था तभी शाम करीब 5 बजे मेरी पत्नी पूनम मेरे तीन बच्चों को लेकर कही चली गई है। मंगलवार सुबहर जब मैं काम से घर वापस लौटा तब मुझे मेरी पत्नी व बच्चे घर पर नहीं मिले काफी खोजबीन करने पर भी उनका कुछ पता नहीं चल सका।

### मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल

**इटावा ।** जनपद में अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कटरा कपूर चन्द्र निवासी संचित वर्मा पुत्र सुधीर कुमार को मोहल्ले में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत नगला छोटे निवासी ज्योति पत्नी संदीप कुमार को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनो द्वारा दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया।

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला घायल

**इटावा ।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रेलवे स्टेशन के पूर्वी किनारे पर पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से सरिता 40 वर्ष पत्नी प्रदीप कुमार निवासी फ्रेंड्स कालोनी गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर घायल महिला के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।

### दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**बकेवर ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सर्विस रोड पर शनिवार को ऑटो की टक्कर लगने से अनीता देवी 54 वर्ष निवासी नगला सिंह बकेवर गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। परिजनों द्वारा घायल महिला को उपचार के लिए पीजीआई सैफई में भर्ती कराया गया, जहां दो दिन बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना बकेवर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# युवती ने कुएं में कूदकर दी जान

## गृह कलह के चलते युवती ने उठाया कदम, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता बकेवर इटावा


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण और इनसेट में युवती। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के कस्बा निवाड़ी कला में गृह कलह के चलते एक युवती ने गांव के बाहर स्थित एक कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को कुंए से निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। पुलिस मामले की जांच- पड़ताल में जुटी हुई है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

उक्त गांव निवासी हरी शंकर की 19 वर्ष पुत्री राधा किसी बात को लेकर अपने घर से नाराज होकर खेतों के पास बने कुएं की ओर चली गई जहां पर उसने कुएं में छलांग लगा दी। छोटे भाई कृष्णा ने बहन को कुएं में कूदते देखा तो शोर मचा दिया। उक्त घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिये भेजा। परिजनों ने बताया कि मृतका राधा तीसरे नंबर की पुत्री थी, दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है, तीन छोटी बहन और एक भाई है। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विपिन मलिक और चौकी प्रभारी धीरेन्द्र पटेल ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और मौके पर एकत्र ग्रामीणों एवं युवती के पिता हरीशंकर से पूछताछ की। थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस ने बताया कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है फिर भी जांच की जा रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं घर के लोगों में कोहराम मचा हुआ है।

### महिला ने लगाई फांसी

**जसवंतनगर ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चांदनपुर में एक 30 वर्षीय विवाहित महिला अंचला पत्नी यतेंद्र ने मंगलवार सुबह अपने घर के कमरे में साड़ी के पल्लू के सहारे पंखे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पति यतेंद्र कुमार के अनुसार हम पत्नी और बच्चे गांव में अपने परिवार से अलग मकान में रहते हैं । बीती शाम को सभी ने खाना खाया और सो गए। सुबह करीब 4 बजे हम दोनों लोग जगे और पत्नी अंचला दैनिक घरेलू काम में लग गई। मैं और दोनों बच्चे बड़ी बेटी जानवी उम्र 8 वर्ष और बेटा आरव उम्र 4 वर्ष को लेकर खेतों की तरफ टहलने चले गए। करीब 7 :30 बजे घर लौटा तो देखा कमरे में अंचला फांसी पर झूल रही है। लोगों को बुलाकर पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज को ले गये, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

# सत्ता पक्ष के लोगों पर फर्जी फार्म भर कर मतदाताओं के नाम कटवाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता इटावा



डीएम को ज्ञापन देने जाते सपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में सपा नेताओं ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के बाद प्रकाशित मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियों के समय फर्जी तरीके से सत्ता पक्ष के लोगों पर इटावा, जसवंतनगर एवं भरथना में अल्पसंख्यक एवं पीडीए समाज के मतदाताओं नाम काटे जा रहे हैं। इस संबंध में डीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वार जसवंतनगर, इटावा सदर व भरथना सुरक्षित में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं विशेष रूप से अल्पसंख्यक व पीडीए मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से डिलीट करने के लिए बड़ी संख्या में फार्म-7 में मतदाता का नाम व ऐपिक नम्बर, पता के साथ अंग्रेजी

- **सपा नेताओं ने डीएम को ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग**

भाषा में प्रिंट करवाकर जमा किये जा रहे हैं, जोकि फार्म-7 की भरने की भाषा शैली से ऐसा प्रतीत होता है कि यह फार्म-7 एक ही स्थान पर प्रिंट किए जा रहे हैं और बीएलओ के पास जमा कर दबाव बनाकर फार्म-7 की पावती ली जा रही है । फर्जी तरीके से फार्म 7 जमा करने और वैद्य मतदाताओं के नाम मिथ्या आधार पर डिलीट कराने की साजिश करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाये ।

ज्ञापन देने वालों में सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि ध्रुव यादव चीनी, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, अनवर हुसैन, चच्चू शुक्ला, सदस्य जिला पंचायत पंकज यादव पिंटू, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, प्रवीन कुशवाह, प्रदीप सोनी, राजेश यादव टिल्लू , संदीप यादव लालू, अंकुर यादव आदि प्रमुख हैं।

### हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**जसंवतनगर ।** सोमवार की देर शाम क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**पहली घटना** रामलीला तिराहे से केस्त मार्ग पर स्थित कोऑपरेटिव बैंक के पास हुई। यहां बनकटी गांव निवासी 36 वर्षीय सत्यदेव मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सैफई रेफर कर दिया। **वहीं दूसरी घटना** जसवन्तनगर–बलरई मार्ग पर बम्बा सफाई के दौरान सड़क किनारे डाली गई सिल्ट के कारण हुई। कुडाखर गांव के पास खंदिया गांव निवासी 20 वर्षीय गोलू पुत्र रामसेवक की बाइक सिल्ट पर फिसल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी सीएचसी से सैफई भेजा गया।

# हमें जल व पक्षियों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए : खान

कार्यालय संवाददाता इटावा


प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को जानकारी देते वन विभाग के अधिकारी ।

**अमृत विचार ।** अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग रेंज भरथना, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों में जागरूकता गोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता एवं बर्डवाचिंग का आयोजन पक्षी व्याख्यान केंद्र सरसई नावर में किया गया।

उप प्रभागीय निदेशक विमल सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्ष 1971 में पहली बार रामसर कंजर्वेशन में प्राकृतिक जल स्रोतों जैसे नदी ,तालाब, तलैया, पोखर आदि को बचाने की कवायद शुरू की गई और वर्ष 1997 में पहली बार सरकारी तौर पर भारत वर्ष में इनके प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नमभूमि दिवस मनाया जाता है। वन क्षेत्राधिकारी भरथना शौकतउल्ला

- **बर्ड फेस्टिवल पर जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन**

खान ने पृथ्वी पर पाए जाने वाले झील तालाब पृथ्वी की किडनी की तरह काम करती हैं यह हमारे भूगर्भ जल के सबसे बड़े स्रोत हैं। इसलिए हमें जल एवं पक्षियों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और दूसरों को भी इनके संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि वातावरण शुद्ध रह सके। प्रधानाचार्य नेम सिंह यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस हमारे जीवन को बेहतर बनाने में वेटलैंड्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्वेता, द्वितीय पुरस्कार मानवी ,तृतीय पुरस्कार शिवाली एवं सांत्वना पुरस्कार निधि एवं सेजल को प्राप्त हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय आर्द्रभूमि का संरक्षण का महत्व था। ग्राम प्रधान अजब सिंह, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, जेआरएफ डॉ. संगीता,विनोद कुमार एवं मुकेश कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### कार पलटी, एयरबैग खुलने से टला हादसा

**जसवंतनगर ।** कचौरा बाईपास पर दुर्गापुरा गांव के सामने मंगलवार को एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में कार सवार पिता, पुत्र सहित एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कार चालक सोनू शर्मा पुत्र राममोहन शर्मा ने बताया कि वह अपने पुत्र अश्वनी उर्फ बेटू शर्मा निवासी कोठी कैस्त तथा मित्र आदर्श पुत्र सत्यप्रकाश के साथ पिलुआ हनुमान मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। दुर्गापुरा गांव के सामने पहुंचते ही अचानक कार का स्टेयरिंग लॉक हो गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर कचौरा बाईपास सड़क मार्ग किनारे नहर की तरफ खंदी में पलट गई हादसे के दौरान कार के एयरबैग खुल जाने से तीनों की जान बच गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घायलों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# बीच रास्ते बस खराब होने से लगा जाम

कार्यालय संवाददाता इटावा

- **फर्रुखाबाद डिपो की है रोडवेज बस, ट्रैक्टर से धक्का लगाकर स्टार्ट करने का हुआ प्रयास**

**अमृत विचार ।** परिवहन निगम की लापरवाही के चलते फर्रुखाबाद डिपो की रोडवेज बस बीच सड़क पर अचानक खराब हो गई। बस को ठीक कराने के बजाय पीछे से ट्रैक्टर का धक्का लगवाकर स्टार्ट कराने की कोशिश की गई। इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया यात्रियों और राहगीरों को भारी परेशानी हुई। घटना से विभाग की कार्यप्रणाली और बसों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं, जबकि विभाग सुरक्षित और आरामदायक सफर का ऐलान करता है

थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत मंडी इलाके में फर्रुखाबाद डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 76 टी 7405 अचानक खराब होकर बीच सड़क पर रुक गई। व्यस्त इलाके में बस के रुकते ही यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ा। बस खराब होने के बाद उसे मौके पर ठीक करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। हैरानी की बात यह रही कि बस को टोचिंग कराने या मैकेनिक बुलाने के बजाय पीछे से ट्रैक्टर लगवाकर धक्का दिलाया गया ताकि बस स्टार्ट हो सके।

इस पूरी प्रक्रिया में सड़क पर अफरा तफरी मची रही और जाम और ज्यादा बढ़ गया। कड़ी मशक्कत के बाद बस को रास्ते से हटवाया गया। बाद में पुलिस ने जाम को खुलवाया । इस दौरान लोगों को एक घंटे से अधिक समय तक जाम से जूझना पड़ा। बाद में धीरे -धीरे यातायात सामान्य हो सका।

# विद्युत समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** व्यापारियों की विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 19 सूत्रीय मांग पत्र अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग ऋषभदेव को सौंपा।

मांग की गई कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने से पूर्व विभाग में जमा की गई सिक्योरिटी राशि उपभोक्ताओं को वापस कराई जाए, क्योंकि सिक्योरिटी इस आधार पर ली जाती थी कि उपभोक्ता को उधार बिजली दी जा रही है। प्रीपेड मीटर प्रणाली लागू होने के बाद सिक्योरिटी राशि जमा रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के पश्चात फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि समाप्त कर केवल उपभोग की गई विद्युत यूनिट के आधार पर ही बिल की गणना की जाए। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद यदि मकान बंद रहता है अथवा विद्युत का उपयोग नहीं होता है, तो ऐसी स्थिति में मिनिमम चार्ज व फिक्स चार्ज पूर्णतः समाप्त किए जाएं।

बिजली कटौती हेतु रोस्टर घोषित किया जाए । मीटर लगाए जाते समय अथवा मीटर उतारते समय सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर नहीं दिया जाता, जिससे उपभोक्ताओं का उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान अशोक जाटव, शेख आफताब, मनदीप सिंह, चांद मंसूरी, मंजूलता द्विवेदी, रियाज अहमद, शकीला बेगम, पूर्वी सक्सेना, रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### शिवपाल ने दी कांग्रेस नेता गुड्डू को श्रद्धांजलि

**इटावा ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बलराम सिंह यादव के पुत्र अजय यादव गुड्डू के निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

शिवपाल सिंह यादव ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बलराम सिंह यादव के पुत्र एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस अजय यादव गुड्डू के आवास पर पहुंच कर उनके पुत्र शार्दुल सिंह यादव एवं परिजनों से वार्ताकर स्व. अजय यादव को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उनके साथ में जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, सदस्य जिला पंचायत पंकज यादव पिंटू ,विक्की गुप्ता, प्रदीप सोनी, राजेश यादव आदि रहे।

# बिना नोटिस किसी का नाम नहीं कटेगा

कार्यालय संवाददाता इटावा



बैठक में नेताओं के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण पर चर्चा करते डीएम।

**अमृत विचार ।** अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

डीएम ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में विद्यमान है अगर वह अपना नाम कहीं दूसरी जगह दर्ज करना चाहते हैं तो वह फॉर्म 8 भरकर उसे स्थानांतरण करेंगे न कि फॉर्म 6 भरेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में जो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिनकी जनसुनवाई 21 जनवरी से चल रही है तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की

- **डीएम ने नेताओं के साथ बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर चर्चा की**

भी नोटिस आयोग के निर्देशानुसार जनरेट किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है । उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की की अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मैपिंग में जो भी गलती हो गई है सॉफ्टवेयर द्वारा पकड़ी गई है उनको दोबारा से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना नोटिस जारी किए किसी के नाम नहीं काटे जाएंगे। सपा नेता उदयभान सिंह द्वारा बताया गया कि जो भी नोटिस दिए जा रहे हैं उनकी जांच अवश्य कराई जाए । बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, उदयभान सिंह यादव सपा से, कृपा नारायण तिवारी भाजपा, संजीव भदौरिया भाजपा, राकेश कुमार बसपा, सत्येंद्र राजपूत, विक्की गुप्ता, वाचस्पति द्विवेदी कांग्रेस, इकरार अहमद आप, मोहित जाटव बसपा, प्रेम शंकर यादव माकपा सहित समस्त राजनैतिक दल के नेता उपस्थित रहे।

### न्यायालय परिसर में लगाए गए पौधे

**इटावा ।** जिला जजी परिसर में मंगलवार को पौधारोपण का कार्य किया गया। यहां फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। जिला जज रजत सिंह जैन के नेतृत्व में न्यायालय परिसर में पौधे लगाए जाने के साथ उनकी देखरेख की व्यवस्था भी की गई । इस मौके पर अपर जिला जज अखिलेश कुमार, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट संजय कुमार चतुर्थ, विशेष न्यायाधीश डीएए एक्ट आलोक कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विनी कुमार व अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने पौधे लगाएं। उन्होने अन्य लोगों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

आफत — बरसात के साथ गिरे ओले, सरसों व आलू की फसल को नुकसान

# फरवरी की बारिश व कोहरे ने बढ़ाई किसानों की चिंता

संवाददाता, बकेवर इटावा


बकेवर क्षेत्र में बारिश के साथ गिरे ओले ।

**अमृत विचार ।** जनवरी के आखिरी सप्ताह में एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ली और फरवरी में भी यही सिलसिला चल रहा है। मंगलवार की सुबह को लखना और चकरनगर क्षेत्र में बारिश के साथ ही ओले भी गिरे। उसके बाद मंगलवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा। इससे आलू, टमाटर और सरसों की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका से किसान चिंता में हैं। आलू में तो झुलसा रोग लगने लगा है। किसान यही दुआ कर रहे हैं कि अब कोहरा ना गिरे और बारिश ना हो ताकि फसल नुकसान से बची रहे।

मंगलवार की रात को अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवा के साथ सर्दी बढ़ गई और मंगलवार सुबह होते ही गड़गड़ाते बादलों के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान ओलावृष्टि होने से किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फिरता नजर आया। महेवा विकास खंड के अंतर्गत बकेवर, लखना और भरथना मार्ग के लुधियानी चौराहे के आसपास के इलाकों में भी बारिश के साथ ओले गिरने से किसान खासे मायूस दिखे। बारिश व ओलावृष्टि करीब 30 मिनट तक हुई, लेकिन आसमान में अभी भी बादल छाए रहने से किसानों की चिंता बनी हुई है। पिछले सप्ताह से मौसम बदला है। पिछले मंगलवार की दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और शाम होते-होते मौसम पूरी तरह बदल गया। करीब तीन बजे तेज गर्जना के साथ बिजली कड़कने लगी और झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का यह सिलसिला पूरी रात जारी रहा। रुक रुक कर पानी गिरता रहा। इसके बाद रविवार की रात को बारिश हो गई। इस बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्योंकि इस बारिश से कई गांवों में खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने लगा है।

किसानों का कहना है कि सरसों की फसल में इस समय फूल आ रहे हैं, जबकि कुछ खेतों में फसल पकने की कगार पर है। आलू की फसल भी तैयार होने वाली है और अरहर के खेतों में फूल निकल रहे हैं। ऐसे में लगातार बारिश होने से फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। पिछले एक महीने तक पड़े घने कोहरे के बाद कुछ दिनों से तेज धूप निकल रही थी, जिससे मटर, मसूर, सरसों और आलू की फसलें अच्छी स्थिति में थीं। उसके बाद मौसम ने फिर करवट बदली और फसल को नुकसान पहुंचने लगा। अब स्थिति यह है कि आलू में झुलसा रोग लगने का डर सताने लगा है। इसी तरह सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचने लगा है।

### करंट लगने से होमगार्ड की मौत

**इटावा ।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत पीताम्बरपुर गांव में करंट लगने से जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात होमगार्ड की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नीतेश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी बरुआ थाना किशनी जनपद मैनपुरी जिलाधिकारी कार्यालय इटावा में होमगार्ड के पद पर तैनात था वह थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत पीताम्बरपुर गांव में रह रहा था। घर पर काम करते समय बिजली करंट लगने से वह गम्भीर रूप से झुलस गया उसे जिला अस्पताल लाया गया । वहां पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना फ्रेंडस कालोनी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। घटना की खबर मिलने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दरपुर वि0ख0 जागीर जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत दिनांक– 03.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्दरपुर विकासखंड जागीर जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 04/02/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 09/02/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मौरश्री दिवाकर के घर से पप्पू अली के घर तक सीसी व नाली | 1,84,093.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 1 माह |
| 2 | रुकुम सिंह खेत से श्याम सिंह के घर तक सीसी व नाली निर्माण | 400,409.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 1 माह |

श्याम लता – ग्राम प्रधान रोहित प्रकाश – पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत परसरामपुर वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत दिनांक– 03.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसरामपुर विकासखंड किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 04/02/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 07/02/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश के घर से जगतराम की मूर्ति तक इ0ला0 व नाली | 9,18,009 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |
| 2 | दुर्वेश के घर से सुरेशचंद्र के घर तक इ0 लॉ0 व नाली निर्माण | 6,92,245 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |
| 3 | बलबीर के घर से विशुन दयाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण | 3,87,952 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |

कुलदीप यादव – ग्राम प्रधान आलोक कुमार – पंचायत सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### नए मतदाता फॉर्म व नाम-पता संशोधन आज

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे के ब्लॉक सभागार में बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक हरीगंज बाजार, सराय बाजार व नहर बाजार, स्टेशन बाजार के 18 वर्ष आयु पूर्ण मतदाताओं के नए वोटर फॉर्म जमा किए जाएंगे। साथ ही नाम-पता संशोधन का कार्य भी किया जाएगा। जिन मतदाताओं के पास एसआईआर नोटिस के जवाब हैं, वे उन्हें साथ लेकर ब्लॉक में जमा करें। यह जानकारी बीएलओ मोहित ने दी।

### वाहन की टक्कर से मोर की मौत

**अछल्दा।** अछल्दा–मुहम्मदाबाद मार्ग पर स्थित दलीपपुर गांव के पास मंगलवार सुबह करीब 9 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क किनारे मोर का शव पड़ा देख राहगीरों व ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम में शामिल गौरव मिश्रा और विजय कुमार मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृत मोर के शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

### रेलवे स्टेशन पर शुरू हुई एटीवीएम

**अछल्दा (औरैया)।** रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अछल्दा रेलवे स्टेशन पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की शुरुआत कर दी गई है। इस मशीन के माध्यम से अब यात्री बिना कतार में लगे आसानी से प्लेटफॉर्म टिकट और लोकल ट्रेन के अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकेंगे। एटीवीएम मशीन के चालू होने से टिकट काउंटर पर भीड़ कम होगी और यात्रियों का समय बचेगा। मशीन से टिकट लेने की प्रक्रिया सरल और तेज है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और दैनिक यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। आने वाले समय में और भी आधुनिक सुविधाएं स्टेशन पर उपलब्ध कराई जाएंगी। एटीवीएम मशीन के शुरू होने पर यात्रियों ने खुशी जताई और रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### कैंसर से पीड़ित युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी रिंकू (पुत्र सोबरन) पिछले कुछ समय से जीभ के कैंसर की बीमारी से जूझ रहा था। रिश्तेदारों के अनुसार, बीमारी की जानकारी मिलने के बाद वह काफी परेशान रहने लगा था। सोमवार देर रात करीब 10 बजे रिंकू ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी हुई, वे उसे तुरंत औरैया के 50 शैय्या अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। डॉक्टरों ने घटना की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मुतक के शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### ध्रुव चरित्र सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फफूंद (औरैया)।** ब्लॉक भाग्यनगर के केशमपुर पसईपुर गांव में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने भक्त ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान परीक्षित श्याम दास गुप्ता और उमाकांती गुप्ता सहित शैलेंद्र कुमार गुप्ता, सोनू आदि लोग रहे।

# तेज बारिश के साथ ओले गिरे, आलू की फसल तबाह

## तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



ओले गिरने से नष्ट हुई फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अछल्दा क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे हुई तेज बारिश के साथ अचानक हुई ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी। इस बेमौसम बारिश से सबसे अधिक नुकसान आलू की फसल को हुआ है, जबकि सरसों की फसल भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर खेतों में खड़ी आलू की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई।

करीब 30 मिनट तक हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। यह बारिश नेविलगंज, लालपुर, रामपुर-बोडेपुर, काशीपुर, रमनगरा, घसारा, बघईपुर, खेरा गांव सहित आसपास के कई गांवों में हुई। तेज ओले गिरने से आलू की फसल जमीन पर गिर गई, पौधे टूट गए और फसल के सड़ने की आशंका बढ़ गई है।

किसान रामवीर सिंह ने बताया कि अब आलू की खुदाई भी मुश्किल हो गई है और लागत निकल पाना संभव नहीं दिख रहा। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत और खर्च इस प्राकृतिक आपदा में बर्बाद हो गया। वहीं, सरसों की तैयार फसल पर भी बारिश का बुरा असर पड़ा है। कई खेतों में सरसों की फलियां झड़ गई हैं, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। अचानक बदले मौसम से किसान बेहद हताश और परेशान नजर आए। ग्रामीण किसान शिवकांत यादव ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द फसल नुकसान का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सके।

## पीबीआरपी अकादमी में दो दिवसीय शिक्षक कार्यशाला संपन्न

**अयाना।** जसवंतपुर स्थित पी.बी.आर.पी. अकादमी में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया।

2 और 3 फरवरी तक चले इस विशेष सत्र में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने सहभागिता की, जहाँ उन्हें आधुनिक शिक्षण तकनीकों और छात्रों के सर्वांगीण विकास के गुर सिखाए गए।शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप सिंह ने मुख्य प्रशिक्षिका अपर्णा अवस्थी, अपर्णा गुप्ता एवं उपप्रधानाचार्या पुष्पलता श्रीवास्तव के साथ माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यशाला का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षकों की कार्यक्षमता, बौद्धिक कौशल और उनकी वाक्पटुता को निखारना था, ताकि वे कक्षा में छात्रों को अधिक प्रभावी और रोचक ढंग से शिक्षित कर सकें।प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। नई शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से छात्रों में तर्कसंगत बुद्धिमत्ता विकसित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें।



बच्चों का किया जाता स्वागत। अमृत विचार

## 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह

संवाददाता बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी रैपिड ग्लोबल स्कूल बिधूना में कक्षा- 12वीं के छात्र/छात्राओं के सम्मान में भविष्य की शुभकामनाओं को देते हुए हवन सहित विधिवत विदाई समारोह सम्पन्न किया गया।

इस कार्यक्रम को आचार्य विमल कुमार पाण्डेय के द्वारा आहूत किया गया साथ ही छात्र एवं छात्राओं के साथ कक्षा- 11वीं/12वीं के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के एक्जू. डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया, एजू. डायरेक्टर दीप्ति कमल राठौर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशांत दीक्षित आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशान्त दीक्षित ने विद्यार्थियों को परीक्षा से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं से अवगत कराया कि किस प्रकार से परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। विद्यालय के एक्जू. डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया ने बच्चों को सफलता के तरीके सिखाए कि किस प्रकार संयमित और अनुशासित जीवन यापन करके जीवन में सफलता की सीढ़िया चढ़ी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे एक नहीं बल्कि हर क्षेत्र में सैंकड़ों उदाहरण हमें प्रेरणा देते है। 11वीं कक्षा ने अपने वरिष्ठों के मनोरंजन के लिए सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के मिस रैपिडियन के तौर पर आयशा शाक्य और मिस्टर रैपिडियन के तौर पर आयुष कुमार नाम धोषित किए गए। अंत में विद्यार्थियों को हवन कार्यक्रम का प्रसाद वितरण किया गया और उन्हें कक्षा की ग्रुप फोटो देकर शुभ कामना के साथ विदाई दी गई।

## सुदामा चरित्र का वर्णन सुन भक्तों की आंखें हुईं नम

**जालौन।** सिकरीराजा गांव में अमर सिंह भदौरिया के आवास पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास गगन द्विवेदी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया।

कथा के समापन पर भागवताचार्य गगन द्विवेदी ने कहा कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सांसारिक स्वार्थ से परे थी। सुदामा निर्धन होने के बावजूद अपने मित्र श्रीकृष्ण से कभी कुछ मांगने नहीं गए, बल्कि उनके मन में केवल प्रेम और श्रद्धा थी। उन्होंने बताया कि जब सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारका पहुंचे तो श्रीकृष्ण ने उन्हें राजसी सम्मान दिया और अपने मित्र के चरण धोकर आदर्श मित्रता का उदाहरण प्रस्तुत किया। सुदामा का जीवन सिखाता है कि सच्ची मित्रता धन, वैभव और पद से नहीं बल्कि निःस्वार्थ भाव और विश्वास से होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा से कुछ मांगे बिना ही उनकी गरीबी को दूर कर दिया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुदामा चरित के प्रसंग सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गईं और जय श्रीकृष्ण के जयकारे गूंज उठे। इस मौके पर पारीक्षित चंदन कुंवर, अमर सिंह भदौरिया, अर्चना आदि मौजूद रहीं।



जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन देते सदस्य। अमृत विचार

# ब्रह्मदेव गोसाई धाम तक सीसी सड़क निर्माण की मांग

संवाददाता, ककोर (औरैया)

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिया जल्द निर्माण का आश्वासन

**अमृत विचार।** ब्लॉक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत हर्राजपुर के मजरा मेरखपुर में विकास कार्यों को लेकर ग्राम पंचायत सदस्य विकास अवस्थी ने एक ज्ञापन देकर जिला पंचायत अध्यक्ष से विकास कार्य कराए जाने की मांग की है। जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने ग्राम पंचायत सदस्य विकास अवस्थी को विकास कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे को दिए गए ज्ञापन में अमृत सरोवर से लेकर ब्रह्मदेव गोसाई धाम तक करीब 130 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। ग्राम पंचायत सदस्य विकास अवस्थी का कहना है कि सड़क निर्माण होने से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा बरसात और धार्मिक आयोजनों के समय यह सड़क बेहद उपयोगी साबित होगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सीसी सड़क निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही ब्रह्मदेव गोसाई धाम परिसर के अलावा अन्य देव स्थल में सोलर लाइट लगवाने की भी सहमति दी गई, जिससे सभी देव स्थलों के परिसर में रोशनी से जगमग रहेंगे। ब्रह्मदेव गोसाई समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने इस पहल पर जिला पंचायत अध्यक्ष का विशेष आभार व्यक्त किया है। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वयं भी ब्रह्मदेव गोसाई धाम आकर बाबा के दर्शन करने का आश्वासन दिया है। ग्राम पंचायत सदस्य विकास अवस्थी क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सीसी सड़क निर्माण होने से श्रद्धालुओं को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों के अनुसार ब्रह्मदेव गोसाई धाम क्षेत्र का प्राचीन और आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं को लेकर दर्शन करने पहुंचते हैं। यह स्थल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

# 41 लाख की चरस के साथ तस्कर दबोचा

संवाददाता औरैया



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस टीम ने एक अंतरजनपदीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.210 किलोग्राम चरस बरामद की है, जिसकी में अनुमानित कीमत करीब 41 लाख रुपये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 3 फरवरी 2026 की रात्रि थाना अजीतमल पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गश्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान फूलपुर फूटा कुआं से टोल होते हुए सुरायंदा ओवरब्रिज की ओर जाते समय बालाजी होटल के पास हाईवे पर एक संदिग्ध व्यक्ति कपड़े का थैला लिए दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर वह खड़े ट्रक की आड़ में छिपने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसे रोककर कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें उसने थैले में चरस होने की बात स्वीकार की। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अजीतमल मनोज कुमार गंगवार मौके पर पहुंचे। उनके निर्देशन में सुबह करीब 5:51 बजे आरोपी दामोदर प्रसाद पुत्र परसादी लाल निवासी दौकेली थाना मत्सेना जनपद फिरोजाबाद (उम्र लगभग 45 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से कुल 8.210 किलोग्राम चरस बरामद की गई।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना अजीतमल में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना अजीतमल ललितेश नारायण त्रिपाठी व प्रभारी स्वाट/सर्विलांस सेल उपनिरीक्षक समित चौधरी अपनी टीम के साथ शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# कार्यक्रम में लोकगीत सुनकर झूम उठे लोग

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जयसिंह राजा परमार एवं उनकी टीम द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किये गये। बुंदेली कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गये गीतों को सुनकर कार्यक्रम में मौजूद लोग झूमने को मजबूर हो गये।

श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में सोमवार की रात बुंदेली कलाकार जयसिंह राजा परमार एवं उनकी टीम के सदस्य रोशनी पटेल, रानी कुशवाहा, अरविंद प्रजापति द्वारा बुंदेली लोकगीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद गीतकार रानी कुशवाहा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

मुख्य गायक जयसिंह राजा परमार द्वारा प्रस्तुत किए गये गीत 'कलयुग में अब मोहन अवतार न लिइयो, नहीं हो हैरानी हुईये, फिर हमसे न कहियो' ने खूब प्रशंसा पाई। इनके द्वारा प्रस्तुत 'आरती हल्की शाली की' ने खूब ताली बटोरी। इसके साथ ही 'बारे करवा चौथ महान, पूरी साल कहती राक्षस एक दिन कहती भगवान' गीत को सुनकर दर्शक हंसते हुए लोटपोट हो गए। वहीं, रानी कुशवाहा द्वारा गाया गया 'ऊंची अटरिया रंगभरी, चंदन जड़ी है किवड़ियां' लोकगीत को मौजूद दर्शक तालियां बजाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में ढोलक कोमल कुशवाहा, हरमोनिया हर्षित, बैंजो पैड के माध्यम संजय ने लोकगीतों के आनंद को बढ़ाया।

# जाम के चलते खड़ी रही रांची और अमृत भारत एक्सप्रेस

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग अतिव्यस्त होने के चलते आवागमन ट्रेनों का बना होने के चलते रेलवे क्रासिंग 13 बी समय से न खुलने के चलते मंगलवार को जाम लगा। जिसमें स्कूली वाहन समेत एंबुलेंस राहगीर फंसे रहे।

क्रासिंग बन्द न होने पर आउटर सिग्नल पर रांची आंनन्द बिहार एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस करीब 5 मिनट खड़ी रही। रेलवे पुलिस और थाना पुलिस ने फ़ंसे वाहनों के जाम को खुलवाने वाद फाटक बंद कराने बाद गन्तव्य को ट्रेनें रवाना हुईं।

सुबह से शाम तक जाम की स्थिति भयावय बनी रहने से जाम में एंबुलेंस, स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रांची से चलकर आंनन्द बिहार जा रही सुपर फास्ट एक्सप्रेस आउटर पर 5 मिनट खड़ी रही पुलिस की कड़ी मशक्कत से जाम खुलवाने बाद फाटक बंद होने बाद 2:35 पर रवाना हुई। इसके बाद क्रासिंग फिर खुलने बाद वाहनों का निकलना शुरू जाम फाटक बीच लगने पर नई दिल्ली जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस 4 मिनट खड़ी रही

# बच्चों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला

संवाददाता फफूंद/औरैया



छात्राओं को जागरूक करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश की सामाजिक संस्था सोशल डेवलपमेंट कमेटी ने हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। रविवार को फफूंद पाता मार्ग पर स्थित मां सरस्वती शिक्षा निकेतन फक्कड़पुर में कार्यशाला का आयोजन किया। कमेटी के अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी ने कहा की कार्यशाला का आयोजन बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को सभी विषयों पर विशेष ध्यान देना है। क्योंकि सभी विषयों के अंक समान हैं। छात्र-छात्राएं सभी विषयों पर ध्यान दें परीक्षा फोबिया हावी न होने दें जिससे अच्छे अंक प्राप्त किये जा सकें। उन्होंने कहा कि विषय विशेषज्ञ द्वारा बच्चों को परीक्षा से सम्बंधित कोई भी प्रश्न है जो उन्हें जानना है पूछ सकते हैं। डाक्टर जाकिर हुसैन इस्लामिया इंटर कालेज के प्रवक्ता मास्टर सलीम खां ने कहा कि हर बच्चे को मेहनत और लगन से पढ़ाई करनी चाहिए तभी वो सफलता को पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का हर छात्र-छात्रा को पूरा फायदा लेना चाहिए क्योंकि यह शिक्षा का महत्त्वपूर्ण कार्य है। कार्यक्रम का शुभारम्भ सोशल डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी ने किया।




पत्रकार वार्ता करते विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य। अमृत विचार

# सीबीएसई बोर्ड की मान्यता मिली

**जालौन।** नगर के शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से इंटरमीडिएट तक की संबद्धता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि को लेकर विद्यालय परिसर में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य की शैक्षिक जानकारी दी।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. नितिन मित्तल ने कहा कि उनका परिवार शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ा रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2008 में शिक्षा के स्तर को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना की गई, जिसने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नगर को नई पहचान दी। अब इसी शैक्षिक यात्रा को आगे बढ़ाते हुए सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से इंटरमीडिएट तक की मान्यता प्राप्त हुई है। आगामी शैक्षिक सत्र से कक्षा नौ और कक्षा 11 की पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी। मार्च माह में विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस मौके पर सीओ शैलेंद्र बाजपेई, दीपक मित्तल, पुनीत मित्तल रहे।

## टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की देखीं व्यवस्थाएं

**जालौन।** जनपद बांदा से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण दल में शामिल डॉक्टर विजय केसरवानी एवं डॉक्टर सत्येंद्र शुक्ला ने सबसे पहले ओपीडी कक्ष का अवलोकन किया, जहां मरीजों की संख्या, पंजीकरण प्रक्रिया और चिकित्सकीय परामर्श की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके बाद आईपीडी वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार, भोजन व्यवस्था और स्वच्छता के संबंध में जानकारी ली गई। टीम ने लेबर रूम का भी निरीक्षण किया और वहां प्रसव से जुड़ी सुविधाओं, उपकरणों की उपलब्धता एवं सुरक्षा मानकों की जांच की। टीम ने उपकरणों की स्थिति, साफ-सफाई से जुड़ी व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया।

**निरीक्षण** | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को विकासखण्ड–औरैया के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया

# बीएसए के निरीक्षण में शिक्षक मिले अनुपस्थित

संवाददाता अयाना



निरीक्षण करते बीएसए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को विकासखण्ड-औरैया के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सर्वप्रथम कम्पोजिट विद्यालय भौंतापुर, विकासखण्ड औरैया का निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय विद्यालय में भौतिक परिवेश गन्दा पाये जाने, शौचालयों अक्रियाशील व अत्यन्त गन्दा पाये जाने, बच्चों का अधिगम स्तर न्यून पाये जाने पर रोष प्रकट किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक अम्बरीश पोरवाल एवं जितिन शर्मा अनुपस्थित पाये गये। बीएसए ने अनुपस्थित अध्यापकों का स्पष्टीकरण प्राप्त कराने के निर्देश के साथ ही 15 दिवस में विद्यालय की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई कराते हुए शौचालय को स्वच्छ व क्रियाशीन बनाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिया गया। इसके बाद बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय जसवंतपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय की बाउंड्री टूटी पायी गई एवं शौचालय में रनिंग वाटर का अभाव पाया गया, जिसके लिए बीएसए मौके पर ही ग्राम प्रधान से दूरभाष पर वार्ता करते हुए विद्यालय की बाउण्ड्री वॉल व शौचालय को ग्राम पंचायत की निधि से ठीक कराने की अपेक्षा की गई। ग्राम प्रधान ने बताया कि 10 दिन में विद्यालय की बाउण्ड्री वॉल व शौचालय को ठीक करा दिया जाएगा एवं विद्यालय अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की भी पूर्ति करायी जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय जसवंतपुर का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें बच्चों का अधिगम स्तर अत्यन्त न्यून पाया गया। बच्चों की कॉपियों का अवलोकन पर प्रकाश में आया कि विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों की कॉपिया विगत कई माह से चेक नहीं की गई है। विद्यालय की कक्षा में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं समस्त अध्यापिकाओं से अपना लिखित स्पष्टीकरण 03 दिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विगत 02 दिवसों में विकासखण्ड औरैया में अवस्थित विद्यालयों का निरीक्षण करने पर यह प्रकाश में आया है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड औरैया अजय विक्रम सिंह द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण नहीं किया जा रहा है, जिससे विद्यालयों में साफ-सफाई का अभाव, अक्रियाशील शौचालय, रंगाई-पुताई का अभाव, विद्यालयों में अनाधिकृत रूप अध्यापकों की अपुस्थिति परिलक्षित होती है, जो उनके शिथिल कार्यप्रणाली का परिचायक है। इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी, औरैया से पृथक से जवाब-तलब किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीस कमेटी की बैठक में शांति-सौहार्द की अपील

राजापुर चित्रकूट। थाना सभागार में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह ने पीस कमेटी की बैठक की। जिसमें शब ए बारात पर शांति सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने हलका इंचार्ज और बीट सिपाहियों को क्षेत्र में नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अतहर नईम, प्रबंधक नूरी खान, सतीश चंद्र मिश्रा ने विचार रखे। इस दौरान उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, परशुराम पांडेय, सभासद चमन रैकवार, अशोक द्विवेदी, राकेश नामदेव, विकास जायसवाल, वसीम कुरैशी, बबलू कुरैशी, वसीर आलम, इस्लाम नईम, अंसार कुरैशी, अहमद अली, भगवती प्रसाद चौरसिया रुस्तम कुरैशी, मंगल पांडेय, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने परिवार को टूटने से बचाया

चित्रकूट। पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र पुलिस टीम ने पति पत्नी के बीच झगड़े को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। सविता देवी पत्नी बुधराज निवासी पहाड़ी ने पति व ससुरालीजनों पर मारपीट करने व घर से निकालने के संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र दिया था। एसपी के निर्देश पर परिवार परामर्श केंद्र में केंद्र प्रभारी अनुपमा तिवारी, मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, आरक्षी सोनिका द्विवेदी, अनामिका सिंह ने दोनों पक्षों को समझाया। पति-पत्नी विवाद भूलकर साथ रहने पर राजी हो गए।

### किसानों को मिली मुआवजे की धनराशि

चित्रकूट। विशेष रेल परियोजना झांसी-खैरार-मानिकपुर रेल लाइन दोहरीकरण के लिए ली गई सरहट, शीतलपुर तरौंहा व चंद्रगहना के 37 किसानों की जमीन के प्रतिकर 97,55,259 रुपये का भुगतान उनके बैंक खातों में किया गया। बाद में परियोजना के अधिकारियों व किसानों के बीच कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें किसानों की समस्याएं सुनकर समाधान किया गया।

### आठ से 12 फरवरी तक होगा महोत्सव

सीतापुर (चित्रकूट)। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक कुलपति प्रो. आलोक चौबे की अध्यक्षता में हुई। कुलपति ने निर्देश दिए कि अकादमिक कैलेंडर का पालन करते हुए समय पर परीक्षा कराएं और परिणाम घोषित करें। निर्णय लिया गया कि आठ से 12 फरवरी के मध्य ग्रामोदय महोत्सव किया जाए। उन्होंने कैंपस में जलापूर्ति की नियमित टेस्टिंग, फायर सेफ्टी, कैंटीन मॉनिटरिंग आदि के लिए निर्देश दिए। कुलसचिव प्रो. आरसी त्रिपाठी ने बैठक का संचालन किया।

### 16 फरवरी से चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

चित्रकूट। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जिले में 16 से 27 फरवरी तक सरकारी, निजी स्कूलों व मदरसों के पांच से 10 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चो को एमआर वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी, चाहे उन्हें पहले यह टीका लग चुका हो। बताया कि कार्ययोजना तैयार कर सभी बच्चों का नियत समय में टीकाकरण कराया जाएगा।

# बारिश के बाद भी जारी रहा युवाओं का अनशन

## एडीएम और सीओ धरना स्थल पर पहुंचे, जिले के युवक मेडिकल कालेज के लिए कर रहे हैं कफन सत्याग्रह, डीएम को बुलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



अनशन पर बैठे युवाओं को समझाते एडीएम, सीओ। अमृत विचार



प्रशासन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते भूपेंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं और मेडिकल कालेज की मांग को लेकर एलआईसी तिराहे स्थित शहीद पार्क में युवाओं का आमरण अनशन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को एडीएम चंद्रशेखर और सीओ अरविंद वर्मा इनको मनाने पहुंचे पर युवाओं की मांग थी कि डीएम आएं और स्पष्ट आश्वासन दें।

गौरतलब है कि तीन दर्जन से अधिक युवा पिछले तीन दिन से आमरण अनशन पर डटे हुए हैं। युवा कफन ओढ़कर आंदोलनरत हैं। उन्होंने इसे कफन सत्याग्रह का नाम दिया है। सोमवार को एक अनशनकारी भूपेंद्र पटेल की तबीयत भी बिगड़ गई थी। इनको पुलिसकर्मियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद फिर भूपेंद्र अनशन स्थल पर आ गए। हालांकि वह लेटे रहे। मंगलवार को अनशन स्थल पर एडीएम वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर और सीओ सिटी अरविंद वर्मा पहुंचे। अधिकारियों ने युवाओं से बातचीत कर अनशन समाप्त करने की अपील की लेकिन युवा नहीं माने। इनका कहना था कि जिले में गरीबों के इलाज के लिए कोई ठीकठाक व्यवस्था नहीं, जबकि वीआईपी आगमन पर पूरी स्वास्थ्य टीम तैनात कर दी जाती है। अनशनकारियों का कहना था कि प्रभारी मंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन व्यवस्थाओं में जुटा है पर उनकी सुनने के लिए समय नहीं। इस मौके पर व्यापारी नेता युवा समाजसेवी विनोद केशरवानी प्रिंस ने भी प्रशासन पर आरोप लगाए। उनका कहना था कि हमारी क्या गलती है। प्रशासन हमें क्यों प्रताड़ित कर रहा है। क्या हमारी मांग गलत है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला उर्फ पिंटू, आर्यन सिंह, कमलेश सिंह, विमल सिंह, राकेश सिंह, भाकियू मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, डुप्ले पटेल, अश्वनी कुमार, गोलू सिंह, संतोष जायसवाल, सुनील आदि पहुंचे और अनशन का समर्थन किया।

### शिवपूजन ने कहा, इलाज की कमी से खोए बेटे

- अनशन स्थल पर कई लोगों ने जिले की कथित बदहाल स्वास्थ्य सेवा पर अपनी आपबीती बताई। पहाड़ी ब्लाक के प्रसिद्धपुर निवासी शिवपूजन साहू ने भावुक होते हुए बताया कि इलाज के अभाव में अपने दो बेटे दिनेश और मगनू खो दिए। बुढ़ापे की लाठी छीन ली अब सहारा कौन देगा।

### फटे टेंट से टपकता रहा पानी

- दो दिन से हो रही रुक रुक के बारिश से भी अनशनकारी परेशानी में हैं। मंगलवार को भी बारिश हुई। अनशनकारियों के टेंट से पानी टपकने लगा। युवा फटे टेंट और भीगे गद्दों के बीच खुद को बचाते नजर आए लेकिन आंदोलन जारी रहा।

### प्रशासन पर लगाया परेशान करने का आरोप

- उधर, देर शाम भूपेंद्र का एक वीडियो जारी किया गया (हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता)। इसमें वह यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि उनको प्रशासन द्वारा परेशान किया जा रहा है। वह खुद के लिए नहीं बल्कि लोगों के लिए आमरण अनशन कर रहे हैं। अधिकारियों ने उनके आंसुओं के साथ छल किया है। अब किसी मंत्री के आने के बाद ही वह अपना अनशन खत्म करेंगे। उधर, वीडियो में पुलिस अधिकारी गुस्से में यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि इनके (भूपेंद्र के) खिलाफ मुकदमा लिखिए।

### ब्लॉक प्रमुख ने ट्रैफिक पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप

**चित्रकूट।** यातायात पुलिस की कार्रवाई को लेकर गुरुवार देर शाम विवाद खड़ा हो गया। बाइक सवार का चालान किए जाने के बाद मानिकपुर ब्लाक प्रमुख मौके पर पहुंचे तो ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने उनसे उनका नाम पूछ लिया। नाम पूछते ही ब्लॉक प्रमुख नाराज़ हो गए और उसपर अभद्रता करने का आरोप लगाया।

देर शाम यातायात पुलिस टीम ने धनुष चौराहे के पास बाइक सवार का चालान कर दिया। इस पर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा मौके पर पहुंचे और उन्होंने ट्रैफिक एसआई पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। आक्रोशित भाजपा ब्लाक प्रमुख ने समर्थकों के साथ धनुष चौराहे के पास स्थित यातायात कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर अन्य पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। ब्लाक प्रमुख ने मांग की कि मामले की जांच कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



मंत्री अनुप्रिया पटेल को ज्ञापन सौंपते अपना दल एस के पदाधिकारी।

## मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए मंत्री से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना को लेकर अपना दल एस की जिला इकाई के कार्यकर्ताओं ने बीते दिन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह, नाथूराम सिंह, महेंद्र सिंह, विनोद सिंह, मुकेश कुमार, कृष्णकांत, फूल सिंह, प्रेम सिंह, शुभील, संजय खंगार, दीपेंद्र आदि रहे।

### छेछरिहाखुर्द की हाकी टीम राज्य प्रतियोगिता के लिए चयनित

**चित्रकूट।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उच्च प्राथमिक विद्यालय छेछरिहाखुर्द की हाकी टीम स्टेट के लिये चयनित हुई है। प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्या में 19 व 21 फरवरी को किया जाएगा। बीएसए बीके शर्मा ने चयनित खिलाडियों से अपील की कि वे तैयारी करते रहें। हाकी प्रशिक्षक श्याम सुंदर यादव टीम को प्रशिक्षण दे रहे हैं। हाकी के अलावा प्राइमरी एवं जूनियर खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, चक्का फेंक और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की तैयारियां चल रही हैं। जिला व्यायाम शिक्षक दयानंद सिंह ने बताया कि पिछड़ा जिला होने के बाद भी यहां पर प्रतिभाएं बहुत हैं लेकिन सही उपकरण और बजट का हमेशा अभाव है।

## किसान व मजदूर विरोधी बता जलाई बजट की प्रतियां

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश किसान सभा की जिला इकाई ने मंगलवार को केंद्रीय बजट को किसान विरोधी बताकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि केंद्रीय बजट की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया गया है और अगर इसमें किसानों, मजदूरों के हित में योजनाओं को नहीं शामिल किया गया तो 12 फरवरी को रेल और मार्ग यातायात बाधित किया जाएगा।

किसान सभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कचहरी परिसर स्थित कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष पहुंचे। यहां पर पहुंच कर इन लोगों ने बजट की प्रतियां जलाईं।



बजट की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन करते उप्र किसान सभा के लोग। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि बजट में सरकार ने एमएसपी से संबंधी कोई घोषणा नहीं की। उद्योग और टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई। आम जनता, किसान और कमजोर वर्ग का ध्यान नहीं रखा गया। किसान की आय दोगुनी करने की बात झुनझुना है। उर्वरक सब्सिडी में कटौती कर दी गई है। मनरेगा को खत्म कर दिया गया है। किसानों की कर्ज माफी की बात नहीं की गई है। आपदा राहत,

- मनरेगा जैसी योजना को कमजोर कर दिया : विजय कुमार

फसल बीमा में बढ़ोतरी नहीं की गई, रोजगार की कोई बात नहीं की गई। बताया कि इसी वजह से बजट की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। विजय कुमार का कहना था कि अगर इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 12 फरवरी को बजट के विरोध में रेल और सड़क मार्ग पर वाहन रोकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बताया कि इस संबंध में राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। इस मौके पर रामसहाय सिंह, गिरधर मिश्र, रमेश प्रसाद, रमाशंकर, पूनम, सीमा राइन, मनघूमन, रमाशंकर गौतम, अमित तिवारी, प्रेमचंद्र, मो. असलम आदि मौजूद रहे।

### खोये मोबाइल पाकर खुश हुए उपभोक्ता

**चित्रकूट।** एसओजी और सर्विलांस टीम ने 51 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इनको संबंधित उपभोक्ताओं को सौंपा। लोगों ने पुलिस की तत्परता के लिए धन्यवाद दिया।

बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग छह लाख पांच हजार रुपये है। एसपी ने बताया कि इन मोबाइलधारकों ने उनको और पोर्टल पर मोबाइल खोने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिए थे। एसओजी/सर्विलांस टीम व संबंधित थानों को इनकी बरामदगी के लिए निर्देश दिए गए थे।

टीम प्रभारी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस ने इन मोबाइलों की बरामदगी की और संबंधित धारकों के सुपुर्द किया गया। पुलिस की संयुक्त टीम में मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, राघवेंद्र, रोशन सिंह और गोलू भार्गव शामिल रहे।



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से मिलकर अपनी व्यथा बताते प्रधान प्रतिनिधि।

## होलिका दहन स्थल बचाने की मांग

**चित्रकूट।** होलिका दहन स्थल पर दूसरे गांव के व्यक्ति को जबरन पट्टा दिए जाने के मुद्दे पर कर्वी माफ़ी के ग्रामीणों ने डीएम पुलकित गर्ग से भेंट की। ग्रामीणों को डीएम ने भरोसा दिया कि होलिका दहन की जमीन पर किसी का घर नहीं बनेगा वह जांच कराएंगे।

प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह पटेल के साथ ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम से ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई कि दूसरे गांव के व्यक्ति को जबरन ग्राम पंचायत कर्वी माफ़ी के होलिका दहन स्थल पर तहसीलदार कर्वी पट्टा कर रहे हैं। प्रधान और ग्रामीणों को बिना सूचना दिए होलिका दहन स्थल पर नाप कराकर पिलर के होल करा दिए गए। होलिका के डांड़ को नायब तहसीलदार ने उखड़वाकर दूसरी जगह गड़वा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि डीएम ने भरोसा दिया है कि समस्या का निराकरण कराया जाएगा। प्रधान प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी को ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त पत्र सौंपा। इस मौके पर राजकुमार सिंह, मुन्नालाल सिंह, कामता, कौशल कुमार, इंद्रजीत, पवन, अंगद, विष्णु प्रसाद सिंह, मेवालाल आदि रहे।

### पुलिस ने दहेज हत्या की आरोपी को गिरफ्तार किया

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाने के एसआई अरविंद कुमार सिंह ने दहेज हत्या की नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया। 24 सितंबर 25 को नंदकिशोर निवासी रैपुरवा माफी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 सितंबर की रात मोबाइल पर फोन आया और बताया कि बेटी को उसके ससुरालीजन ने मार डाला है। वह जिला अस्पताल रात में पहुंचा और देखा कि पुत्री को अस्पताल में बने शवगृह में रखवाया गया है। पता चला कि पुत्री की मौत हो चुकी है। आरोप लगाया कि पुत्री को ससुरालीजनों ने दहेज के लालच में मार डाला है। पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत पति कौशल किशोर, ससुर चुनबाद, सास सुंता देवी, जेठानी चुन्नी निवासी रूखमा बुजुर्ग दर्ज किया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी सुंता उर्फ सुनीता देवी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी कल्लू खां, आरक्षी रीना यादव शामिल रहीं।

## एक सप्ताह में पुस्तकालय नहीं खुला तो दी जायेगी प्रतिकूल प्रविष्टि

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ विकास खंड परिसर में उद्यमिता भवन का औचक मुआयना किया। डीएम ने खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव को सख्त निर्देश दिए कि इसे प्रशिक्षण के लिए प्रयोग में लाया जाए। शेष भाग में लाइब्रेरी विकसित की जाए। एक सप्ताह के अंदर इसे चालू न कराने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

डीएम ने भवन के ऊपर लाइब्रेरी संबंधी बैनर लगाने और एक सप्ताह के अंदर पुस्तकों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। निर्देश दिए कि इसका प्रचार प्रसार करें और प्रातः नौ बजे से इसे खोला जाए। आगाह किया कि एक सप्ताह के अन्दर उद्यमिता के कक्षों को लाइब्रेरी के रूप में उपयोग में लाते हुए संचालित नहीं कराया गया



उद्यमिता भवन का मुआयना करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, साथ में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

- डीएम ने उद्यमिता भवन के मुआयने के दौरान दी चेतावनी

तो बीडीओ को शासकीय कार्य में लापरवाही और उदासीनता बरतने आदि के आरोप में प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

मुआयने के दौरान विकास खंड परिसर में सीसी रोड व नाली की स्थिति जर्जर अवस्था में व सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं पाई गई। डीएम ने इनकी तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस पर बीडीओ ने बताया कि विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने सड़क व नाली अपनी निधि से बनवाने के लिए प्रस्तावित दिया है। निर्माण अति शीघ्र करा दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे।

धर्म- अध्यात्म

बरद्वारा स्थित गौरव वन आश्रम में भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा पर हुई पुष्पवर्षा



कलश यात्रा में शामिल कन्याएं। अमृत विचार



महंत त्यागी महाराज जी। अमृत विचार

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** बरद्वारा गांव स्थित गौरव वन आश्रम में राधाकृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

कलश यात्रा गौरव वन आश्रम से शुरू हुई। प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची। इसमें कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर भ्रमण किया। ग्रामीणों ने घरों के सामने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के पश्चात गौरव वन आश्रम परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राधाकृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। गौरव वन आश्रम के महंत त्यागी महाराज ने कहा कि राधाकृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा केवल मूर्ति स्थापना नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन में प्रेम, त्याग और भक्ति की स्थापना है। कलश यात्रा का उद्देश्य समाज को धर्म, संस्कार और एकता के सूत्र में बांधना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक संत-महात्मा, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन की व्यवस्था गांव के स्वयंसेवकों एवं आश्रम समिति द्वारा संभाली गई। इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्तिभाव का माहौल बना रहा।

### युवाओं से नशे और हिंसा से दूर रहने की अपील

- त्यागी महाराज ने कहा कि गौरव वन आश्रम भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से जनकल्याणकारी कार्य करता रहेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशा, हिंसा और भेदभाव से दूर रहकर सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलें।



लाइना बाबा सरकार में पूजा अर्चना करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### लाइना बाबा धाम में अखंड संकीर्तन का वार्षिकोत्सव

**चित्रकूट।** सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल लाइना बाबा सरकार शिवरामपुर में मंगलवार को 114 वर्षीय श्री सीताराम नाम अखंड संकीर्तन के 21वें वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया गया। इसमें अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी पूजा अर्चना की। इस दौरान डीएम पुलकित गर्ग और एसपी अरुण कुमार सिंह ने श्रीराम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण किया। अधिकारियों ने दर्शन-पूजन कर जिले की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। कार्यक्रम में साधु-संतों के अलावा पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## वकीलों से मारपीट पर जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** अधिवक्ताओं ने सोनभद्र टोल प्लाजा पर महिला अधिवक्ता और अन्य अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना पर आक्रोश जताया। एडवोकेट कौंसिल ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय ने कहा कि महिला अधिवक्ता के साथ अभद्रता और मारपीट कानून व्यवस्था को शर्मसार करने वाली घटना है।

उन्होंने कहा कि बीते दिनों उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के साथ मारपीट का मामला ठंडा नहीं हो पाया कि अब सोनभद्र में महिला अधिवक्ता व अन्य वकीलों के साथ टोल प्लाजा पर तैनात अराजक तत्वों ने यह घटना कर दी। आयेदिन कानून के रक्षकों के साथ इस तरह की घटनाएं होती हैं और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद होते हैं। उन्होंने एक बार फिर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट

- कानून व्यवस्था को शर्मसार करने वाली है घटना : रामप्रकाश

की आवश्यकता बताई। अधिवक्ता आनंद मिश्रा ने कहा कि वकीलों के साथ हो रहा दुर्व्यवहार मन को व्यथित करने वाला है। उच्च न्यायालय को ऐसी घटनाओं का त्वरित संज्ञान लेकर सरकार को गाइडलाइन जारी करने की जरूरत है। रोहित सिंह ने कहा कि टोल प्लाजा पर तैनात ऐसे गुंडों को सख्त से सख्त सजा दिए जाने की जरूरत है। जितेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अब सरकार को जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू कर देना चाहिए। अनिल त्रिपाठी ने भी अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की वकालत की। अरुण टाइगर ने कहा कि सरकार एक ओर जहां महिला सशक्तिकरण की बात करती है वहीं दूसरी ओर महिला अधिवक्ताओं के साथ तक मारपीट हो रही है।

